प्रेस नोट दिनांक 31.05.2025

थाना साइबर क्राइम जनपद बरेली

थाना साइबर क्राइम #bareillypolice द्वारा नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले 05 सक्रिय साइबर अपराधियों किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 03 चैक बुक, 03-ATM कार्ड, 04 सिम कार्ड व मोबाइल फोन बरामद।

वादी श्री अर्जन सिंह पुत्र गुरमीत सिंह नि0 ग्राम खुब्बन तहसील फबौर, जिला-फाजिल्का पंजाब को अभियुक्तों द्वारा प्राइवेट नौकरी दिलाने का झांसा देकर 03 करण्ट खाते खुलवाकर, वादी को बरेली बुलवाकर बैंक खाते के चैक बुक, एटीएम कार्ड व बैंक खाते में लिंक मोबाइल नं0 लेकर, नैटबैंकिग को अपने मोबाइल में चालू करके साइबर अपराध कारित करने के सम्बन्ध में सूचना दी गयी। प्राप्त सूचना पर थाना साइबर क्राइम बरेली पर **मु0अ0सं0 14/2025 धारा 318(4) बीएनएस व 66(C) आईटी एक्ट** पंजीकृत किया गया।

विवेचना से प्राप्त तकनीकी व दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा आज दिनांक 31.05.2025 को 05 सक्रिय साइबर अपराधियों को 03 चैक बुक, 03 ATM कार्ड, 04 सिम कार्ड व एक मोबाइल फोन सहित बियाबान कोठी तिराहा कैण्ट रोड से गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण: -

1.मौ0 आकिब कौसर पुत्र कौसर अली नि0 एजाज नगर गोटिया थाना बारादरी जनपद बरेली
2.कासिम पुत्र एसुद्दीन शेख नि0 पीर बहौडा थाना इज्जतनगर जनपद बरेली
3.हसीन खान पुत्र सईम खां नि0 सैदपुर खजुरिया, पीएसी नकटिया केसरपुर थाना बिथरी चैनपुर बरेली
4.महफूज उर्फ लक्की पुत्र मैसर पठान नि0 ग्राम धन्तिया थाना फतेहगंज पश्चिमी जनपद बरेली
5.आमिर पुत्र रहीस अहमद नि0 एजाज नगर ओल्ड सिटी थाना बारादरी जनपद बरेली

बरामदगी का विवरण:-

1. 03 चैक बुक
2. 03 ATM कार्ड
3. 04 सिम कार्ड
4. 01 मोबाइल फोन।

अपराध करने का तरीका:-

गिरफ्तार किये गये अभियुक्त साइबर अपराधियों के एक अन्तर्राज्यीय गिरोह के सदस्य है, जिनके अन्य सदस्य दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश, पंजाब आदि जगह में फैले हुए है। ये लोग गिरोह के सदस्यो को साइबर अपराध हेतु गरीब, बेरोजगार व जरूरतमंद लोगो को अच्छी इनकम/नौकरी का लालच देकर बैंक खाते खुलवाते है तथा उन खातो में अन्तरित हुई धनराशि को साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराते है। गिरोह के सदस्यों द्वारा जगह-जगह पर अपने एजेंट बनाये गये है जो साइबर अपराध के लिए खातो को लगातार उपलब्ध कराते रहते है।

पुलिस टीम का विवरण:-

1.श्री मदन मोहन चतुर्वेदी प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना जनपद बरेली
2.निरीक्षक श्री सुरेश प्रताप सिंह साइबर क्राइम थाना जनपद बरेली
3.हे0कां0 धीरज कुमार साइबर क्राइम थाना जनपद बरेली
4.हे0कां0 हरेन्द्र कुमार साइबर क्राइम थाना जनपद बरेली
5.कां0 विवेक कुमार साइबर क्राइम थाना जनपद बरेली
6.कां0 सिद्धार्थ सिंह साइबर क्राइम थाना जनपद बरेली
7.कां0 दीपक कुमार साइबर क्राइम थाना जनपद बरेली